CNEWS सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-101
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, मंगलवार 16 जुलाई 2024

आज का विचार

हमारी समस्या का समाधान केवल हमारे पास है...
दूसरों के पास सिर्फ सुझाव है...

पूर्व मंत्री छेदीराम राम गिरफ्तार

गाड़ी में राइफल और गोलियां भी मिली

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

बक्सर, इस वक्त बक्सर जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां पूर्व मंत्री छेदीराम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार छेदीराम राजपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर छावनी गांव में विवादित जमीन पर अपने साथियों के साथ कब्जा दिलाने पहुंचे थे. हालांकि, इससे पहले पुलिस को सूचना मिली और टीम ने पूर्व मंत्री को गिरफ्तार कर लिया.बताया जा रहा है कि छेदीराम के वाहन से राइफल और गोलियां भी बरामद हुई हैं. ऐसे में विवादित जमीन पर बड़े कांड की आशंका थी. लेकिन, पुलिस ने इससे पहले छेदी राम को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है. बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है. पूर्व मंत्री छेदीराम से पूछताछ की जा रही है. जमीन विवाद जुड़े मामले के एंगल को लेकर भी जांच चल रही है.

शरीर पर चोट के निशान, पानी भरे गड्ढे में बॉडी

पटना में 2 बच्चों का शव मिलने से हड़कंप, NH 30 पर बवाल

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

पटना, पटना में दो बच्चों का एक साथ शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई है. बेऊर थाना क्षेत्र के 70 फीट की घटना है. दोनों बच्चों के शरीर पर चोट के निशान है. वहीं आक्रोशित स्थानीय लोगों ने ह॥ 30 के समीप 70 फीट सड़क पर आगजनी कर बवाल खड़ा कर दिया है. मामला पटना के बेउर थाना क्षेत्र स्थित लालू पेट्रोल पंप के पास का है, जहां एक पानी भरे गड्ढे में एक साथ दो नाबालिग बच्चों का शव मिला है.बताया जा रहा है कि दोनों बरामद मृतक

नाबालिग बच्चे पास के रहने वाले हैं. फिलहाल घटना की सूचना पर बेऊर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की पड़ताल में जुट गई है. वहीं घटना से नाराज लोगों ने इसे हत्या बताया है और सड़क जामकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.जानकारी के अनुसार 70 फीट इलाके में पेट्रोल पंप के पास स्थित गैराज के नजदीक पानी भरे गड्ढे से दोनों शव मिले हैं. दोनों बच्चे के हाथ-पैर बंधे हुए थे. दोनों के शव पर जख्म के निशान थे. एक की उम्र 11 साल और दूसरे की 12 साल है. सुबह मॉर्निंग वॉक करने लोग निकले थे दोनों का शव पाया. वहीं घटना से नाराज लोगों ने पटना में एनएच 30 पर 70 फीट के पास जमकर हंगामा किया. स्थानीय लोगों ने एनएच 30 को जाम कर दिया है, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गयी है.

मुजफ्फरपुर की कांटी थाना पुलिस फरार अपराधियों के लिए चला रही विशेष अभियान

हथियार खरीद-बिक्री करने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर पुलिस ने हथियार खरीद बिक्री करने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है. दरअसल कांटी थाने की पुलिस फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चला रही थी. किसी अभियान के तहत कांटी के दामोदरपुर स्थित मो. इरशाद के घर पर छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान इरशाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया. पुलिस को सूचना मिली थी कि इरशाद अपने गुर्गों के साथ मिलकर हथियार खरीद बिक्री करता है. इरशाद के निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो सहयोगी को गिरफ्तार किया, जिसके पास से हथियार मैगजीन और रुपए बरामद की गई.गिरफ्तार अपराधियों की पहचान कांटी थाना क्षेत्र के साकिन दामोदरपुर निवासी मो. इरशाद, दामोदरपुर के ही मो. मोनू रहमानी, और उसी गांव के मो. नौशाद आलम के रूप में हुई है. वही फरार अपराधी की पहचान मोनू रहमानी के रुप की गई है. पुलिस ने इन सभी के पास से मैगजीन लगा एक पिस्टल, एक अन्य मैगजीन, एक देसी कट्टा, पांच जिंदा गोली, और 35 हजार रूपए कैस बरामद किया है.इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी पश्चिमी अभिषेक आनंद ने बताया की इरशाद और नौशाद पर पहले से ही कई आपराधिक मामला दर्ज है. वह पुलिस के आंख में धूल झोक कर फरार चल रहा था. डीएसपी ने बताया की इरशाद और नौशाद अपने गुर्गों के साथ मिलकर हथियार की डीलिंग करता था. फिलहाल पुलिस इन लोगों के नेटवर्क को खंगालना शुरू कर दिया था.

अब स्कूलों में इस दिन मुहर्रम की छुट्टी

शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ । *पटना, शिक्षा विभाग ने पहले 18 जुलाई को मुहर्रम की छुट्टी निर्धारित की थी लेकिन इसमें कुछ तब्दिली की गयी है। बिहार के तमाम स्कूल 18 जुलाई को नहीं बल्कि 17 जुलाई को मुहर्रम को लेकर बंद रहेंगे। इसी दिन मुहर्रम है। इसे लेकर शिक्षा विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। मुहर्रम इस बार 17 जुलाई को है इसलिए छुट्टी में संशोधन शिक्षा विभाग ने किया है। वही मुहर्रम को लेकर पटना जिला प्रशासन तैयारी में जुटी हुई है। जिले में शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए विभिन्न चौक चौराहे पर दंडाधिकारी और पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी है। डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा ने इसे लेकर अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील जगहों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। इस दौरान सोशल मीडिया पर भी नजर रखने को कहा गया है। इसे लेकर पटना में कंट्रोल रूम में बनाया गया है जहां चौबीस घंटे पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और हर गतिविधियों पर नजर रखेंगे।*

अंगूठे का निशान लेने के बावजूद 3 महीने से नहीं मिला राशन

डीलरों पर मनमानी का आरोप, राशन घोटाला की आशंका जता रहे लोग

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

बेगुसराई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को मुफ्त राशन की घोषणा की थी लेकिन डीलरों की मनमानी के कारण गरीबों को तीन महीने से राशन नहीं मिल रहा है। राशन कार्ड धारियों के अंगूठे का निशान भी ले लिया गया लेकिन इसके बावजूद उन्हें खाने को राशन नहीं मिला। अब राशन कार्ड धारी रोज डीलरों के दुकान का चक्कर काटने को विवश है।

मामला बेगूसराय में वीरपुर प्रखंड के नौला पंचायत के गारा सहित कई गांवों का है। जहां डीलरों ने राशन कार्ड धारियों के अंगूठे का निशान ले लिया। लेकिन थंब इंप्रेशन लेने के बाद भी इन्हे तीन महीने से राशन नहीं मिला। राशन के लिए लोग जन वितरण प्रणाली की दुकान का चक्कर लगा रहे हैं। ऐसा कोई दिन नहीं होगा जब ये लोग डीलर के पास नहीं जाते होंगे। इन्हें देखते ही डीलर नौ दो ग्यारह हो जाता है।

नौला पंचायत के गारा में दर्जनों राशन कार्ड धारियों ने फर्स्ट बिहार को बताया कि डीलर रामेश्वर ठाकुर राशन के लिए तीन महीने से दौड़ा रहा है लेकिन राशन नहीं दिया जा रहा है। राशन मांगने पर डीलर गाली गलौज और अभद्र व्यवहार करता है और केस में फंसाने तक की धमकी देता है। आपूर्ति पदाधिकारियों की मिलीभगत से यह सब खेल चल रहा है। गारा गांव की चंद्रकला देवी कहती है कि चार बार अंगूठे का निशान लिया लेकिन राशन एक बार भी नहीं दिया।

डीलर रामेश्वर ठाकुर के यहां राशन के लिए जाते हैं वे हमेशा राशन की दुकान बंद ही रखता है। चंद्रकला का आरोप है कि मिट्टी मिलाकर घटिया राशन वितरण किया जाता है। इसके अलावे उसी गांव की रूपा देवी, क्रांति देवी, फुलिया देवी ,शिवकुमारी देवी,अवध किशोर दास समेत कई राशन कार्ड धारियों का भी यही कहना है। इन्हें आशंका है की कही डीलर राशन घोटाला तो नहीं कर रहा है। बता दें कि रामेश्वर ठाकुर का पूर्व में भी राशन वितरण में धांधली व गड़बड़ी के कारण दुकान का लाइसेंस रद्द हुआ था। वहीं इस संबंध में पूछने पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सोनाली सिंह ने कहा कि मामले की छानबीन कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सिर चढ़कर बोल रहा रील का नशा

महिला ने रील बनाने के लिए बीच सड़क पर रोक दी पुलिस की गाड़ी, वीडियो वायरल

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

सहरसा, सोशल मीडिया पर वायरल होने के चक्कर में आजकल न जाने लोग क्या-क्या करते हैं। युवा वर्ग की बात कौन करे अब तो हर उम्र के लोग रील बनाकार रातोंरात वायरल होना चाह रहे हैं। वायरल होने के चक्कर में लोग अपनी जान से तो खिलवाड़ कर ही रहे हैं, तमाम कायदे कानून को भी तिलांजलि दे रहे हैं।ऐसा ही एक मामला सहरसा से सामने आया है, जहां एक महिला बीच सड़क पर रील बनाती नजर आई है। सड़क से गुजर रहीं तेज रफ्तार गाड़ियों के पहिए बीच सड़क में महिला को डांस करता देख थम जा रहे हैं। वायरल होने के लिए महिला बीच सड़क पर डांस कर रील बनाती दिख रही है और वायरल होने के चक्कर में उसे अपनी जान की भी परवाह नहीं है।

इसी दौरान महिला ने गश्ति पर जा रहे पुलिस वैन को हाथ जोड़कर यह कहकर रुकवा दिया कि उसे वायरल होना है और पुलिस वैन के आगे डांस करने लगी। इसका इक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं।वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि महिला कैसे पुलिस की गाड़ी के सामने बीच सड़क पर भोजपुरी गाने पर डांस करते हुए रील बना रही है। सामने से जिले के नवहट्टा थाने की पुलिस गाड़ी आ रही है जिसे रोककर पुलिस गाड़ी के सामने महिला डांस करती है। वहीं रील बनाने वाली महिला दूसरे वीडियो में लोगों से आग्रह कह रही है कि सभी लोग सहरसा के तो नही रहने वाले सब अलग-अलग जगहों के रहने वाले होंगे इसलिए मुझे ज्यादा से ज्यादा फेमस कर दीजिए।

निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन पानी में बहा

कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूटा; भ्रष्टाचार के लग रहे आरोप

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ । औरंगाबाद, बिहार में पुल-पुलिया और सड़को के ध्वस्त होने के बीच अब औरंगाबाद में निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन पानी में बह गया है। डायवर्सन के टूटने के कारण इस इलाके के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से भंग हो गया है। सड़क मार्ग भंग होने के बाद इलाके के लोगों में जिला प्रशासन के खिलाफ गहरी नाराजगी है और लोग भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, देव प्रखंड के चट्टी बाजार स्थित अंबा-देव रोड में पुल का निर्माण कराया जा रहा है। आवागमन बाधित न हो इसको लेकर पुल के बगल में डायवर्सन बनाया गया है। पानी के तेज बहाव के कारण डायवर्सन पानी में बह गया और कई गांवों को संपर्क भंग हो गया है। डायवर्सन के पानी में बहने के बाद इलाके के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इलाके के लोगों का कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य में एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की मिलीभगत से सरकार के पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है। दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का आने-जाने का यही एक मात्र रास्ता था, जो अब टूट चुका है। बता दें कि बीते 18 जून से बिहार में पुलों के गिरने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब भी जारी है। लगातार पुल-पुलिया धराशायी होने की खबरें राज्य के अलग-अलग जिलों से आ रही है। विपक्षी दल इसको लेकर सरकार पर हमलावर बने हुए हैं और भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं वहीं सत्ताधारी दल इसे आरजेडी के भ्रष्टाचार का नतीजा करार दे रहे हैं।

चलती ऑटो में नर्सिंग की छात्रा से रेप की कोशिश

ड्राइवर ने दिया वारदात को अंजाम; ऐसे बची युवती की लाज

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

औरंगाबाद, बिहार में बेखौफ बदमाश वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को चैलेंज कर रहे हैं। ताजा मामला औरंगाबाद से सामने आया है, जहां चलती ऑटो में एक ऑटो चालक ने नर्सिंग की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। बगल से गुजर रहे बाइक सवार ने जब ऑटो चालक को रोका तो आरोपी मौके से फरार हो गया। इस दौरान युवक ने छात्रा बैग झपट लिया और वहां से फरार हो गया।पूरे मामले में एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया कि बीते 13 जुलाई को जीएनएम की छात्रा गोपालगंज से पटना के रास्ते लगभग 8 बजे शाम को औरंगाबाद की जसोइया के पास पहुंची थी, जहां से एक ऑटो को रिजर्व कर एक निजी नर्सिंग कॉलेज जा रही थी। छात्रा को अकेले देखकर ऑटो चालक की नीयत खराब हो गयी और उसने ऑटो का रास्ता बदलते हुए सुनसान इलाके की तरफ मोड़ दिया।

जब छात्रा ने विरोध किया तो उसके साथ ऑटो चालक ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया। छात्रा के शोर मचाने के बाद उसी रास्ते से एक बाइक सवार को आता देख ऑटो चालक छात्रा का पैसों भरा बैग लेकर भाग निकला। छात्रा के द्वारा इस मामले की एक लिखित शिकायत बारुन थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने महज 24 घंटा के भीतर इस मामले का सफल उद्भेदन कर लिया।

पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। 22 वर्षीय ऑटो चालक मदन कुमार को पुलिस न सिर्फ गिरफ्तार कर लिया है बल्कि पीड़िता का बैग भी बरामद कर लिया है हालांकि पीड़िता के 5030 रुपयों में से जब्त किए गए बैग में मात्र 1560 रुपयों की ही बरामदगी हो सकी है।

3 बच्चों की मां भतीजे के साथ फरार

घर लौटने पर चाची को सुनने पड़े ताने, फिर महिला ने उठा लिया बड़ा कदम

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

घाघाल्पुर, तीन बच्चों की मां को भतीजे से प्यार हो गया। भतीजा भी चाची से प्यार करता था। दोनों ने घर से भागने का फैसला लिया और एक दिन दोनों फरार हो गये। इस बात का खुलासा तब हुआ जब महिला ने खुदकुशी कर ली। घटना भागलपुर के मधुसुदनपुर थाना इलाके की है जहां 9 जुलाई को महिला रिश्ते में भतीजे लगने वाले युवक के साथ फरार हो गयी थी और 14 जुलाई को घर से उसकी लाश बरामद की गयी। लोगों के ताने सुन-सुन कर महिला परेशान थी और इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। ऐसा करने से पहले एक बार भी नहीं सोचा की उसके तीन बच्चों का क्या होगा? पति संजय दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। पति ने बताया कि 9 जुलाई को उसकी पत्नी भतीजे सुदर्शन के साथ भाग गई थी। 11 जुलाई को पत्नी ने फोन करके बताया था कि नवगछिया के तेतरी मंदिर के पास कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया है। जिसके बाद पति ने अपने एक रिश्तेदार को वहां पर भेजा। जहां पहुंचकर रिश्तेहार ने महिला को घर पर पहुंचाया। पति ने रिश्तेदार को मधुसूदनपुर थाने में पत्नी को ले जाने को कहा। जहां महिला ने पुलिस को बताया कि वह पति और अपने बच्चों के साथ रहेगी। जिसके बाद पति उसे अपने साथ रखने को राजी हो गया। लेकिन जब महिला अपने घर पहुंची तो उसे गांव वालों का ताना सुनना पड़ गया। लोग कहने लगे कि जब पति के साथ ही रहना था तब भतीजा के साथ भागी क्यों थी? ऐसा करने में उसे तनीक भी शर्म नहीं आई। लोगों ने कहा कि अब यदि घर से बाहर निकली तो जान मार देंगे। लोगों की बात सुनकर महिला सदमें में आ गयी और उसने आत्महत्या कर लिया। जिसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। बच्चों और पति का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

दरभंगा के बाद अब यहां लहराया मुहर्रम में फिलिस्तीनी झंडा

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

नवादा, दरभंगा में पिछले दिनों फिलिस्तीनी झंडा लहराने के बाद हड़कंप मच गया है। अब नवादा में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। मुहर्रम के जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडा लहराया गया है। मजार पर चादरपोशी करने जा रहे मुस्लिम समुदाय के लोग हाथों में तरह-तरह के झंडे लिए हुए थे, उनके हाथों में फिलिस्तीनी झंडा देखा गया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है हालांकि फर्स्ट बिहार-झारखंड इस वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। दरअसल, नवादा में मुहर्रम पर्व के दौरान मजार पर चादरपोशी करने जा रहे जुलूस में युवकों के द्वारा फिलिस्तीन का झंडा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि जुलूस में कुछ युवकों के द्वारा फिलिस्तीनी झंडा लहराया जा रहा है। झंडा लहराए जाने के बाद स्थानीय पुलिस काफी एक्टिव हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी ये भी मिली है कि उस झंडे को भी पुलिस ने एक घर से जब्त कर लिया है। पिछले दिनों मुहर्रम पर्व के दौरान दरभंगा में भी इसी तरह का मामला सामने आया था। पूरे मामले पर पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया कि कल रात उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी कि बगैर प्रशासन के इजाजत के एक जुलूस निकल जा रहा है और उसमें एक फिलिस्तीन का झंडा लहराया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झंडे को जब्त कर लिया है और तीन नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया गया है और उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।